# प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक– 12.07.2025

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग का सफल अनावरण, 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 12.07.2025 को प्र0नि0 थाना नई मण्डी श्री दिनेश चन्द्र मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 329/25 धारा 305,331(3) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त दानिश पुत्र असगत निवासी ऊंचा कोट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर को रेलवे अण्डरपास से हाईवे की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये 1,10,000/– रूपये नगद, 01 आधार कार्ड वादी का, 01 जोडी पाजेब सफेद धातु, 01 पर्स व घटना में प्रयुक्त 01 बिना नम्बर प्लेट स्कूटी बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।